दिग्गजों ने सराहा

केंद्रीय बजट में विकास को बढ़ाने, घाटे को काबू में रखने और महंगाई को खत्म करने के लिए जो संतुलन बनाया गया है वह बेहतरीन है। रक्षा और बीमा जैसे क्षेत्रों में एफडीआई में बढ़ोतरी स्वागत योग्य है।

– राना कपूर, प्रेसीडेंट, एसोचैम

वित्त मंत्री ने रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए अच्छे कदम उठाए हैं। हालांकि, सरकार विनिवेश नीति को लेकर तस्वीर साफ नहीं कर पाई है। फिर भी यह बजट विकास को बढ़ावा देने वाला है।

– दीपक पारेख, चेयरमैन, एचडीएफसी

यह आर्थिक सुधारों को अगली पीढ़ी में पहुंचाने वाला बजट है। वित्त मंत्री की भारत को ऊंची विकास दर के रास्ते पर खड़ा करने की कोशिश है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के लिए लंबित मुद्दों पर स्पष्टता दिखाई गई है।

– एन. चंद्रशेखरन, सीईओ-एमडी, टीसीएस

बजट सरकार के कार्यकाल को परिलक्षित करता है। पिछली तिथि से टैक्स लागू न करने पर स्पष्ट नीति और जीएसटी को इसी साल अंतिम रूप दिए जाना स्वागत योग्य कदम है।

– संजय कपूर, चेयरमैन, माइक्रोमैक्स

बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा 26 से 49 फीसदी बढ़ाना स्वागत योग्य कदम है। इससे लंबी अवधि में विकास होगा। घरेलू कंपनियों को विदेशी भागीदार की तकनीकी और उत्पाद विशेषज्ञता का भी फायदा मिलेगा।

– अनुप राउ, सीईओ, रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस

बजट से उपभोक्ता, निवेशक के साथ ही आमजन में विश्वास जगेगा और इसका लक्ष्य विकास को बढ़ाना, रोजगार के अतिरिक्त अवसर पैदा करना तथा महंगाई को रोकना है।

– शरद जयपुरिया, प्रेसीडेंट, पीएचडी

कारोबारी माहौल सुधारने के लिए उठाए गए कदम का दूरगामी असर होगा। एलसीडी और एलईडी टीवी पैनल पर सीमा शुल्क घटाने से घरेलू टीवी उद्योग को फायदा होगा।

– अविनाश जैन, सीएमडी, अराइज इंडिया